## Minutes of Meeting of COM

**Attendance:** As per register

**Date:** 5th Jan 2022
**Place:** 46, Patliputra Colony, Patna, Bihar

**Affiliated to BCCI**
bca@biharcricketassociation.com

**1. अध्यक्षता**

माननीय अध्यक्ष श्री राकेश कुमार तिवारी ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए कमिट ऑफ़ मैनेजमेंट के बैठक को आरम्भ किये।

**2. कोरम**

यह सुनिश्चित करने के पश्चात कि बैठक के लिए अपेक्षित सदस्यगण इस कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट की बैठक मे उपस्थित है, बैठक प्रारंभ की गई।

उपस्थित सभी सदस्यों की अनुमति से, बैठक बुलाने की सूचना जो पूर्व में सभी सदस्यों को दिया गया था, पुनः आज के चर्चा के लिए रिकॉर्ड पर लाया गया।

**3. पूर्व में संपन्न कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक की संपुष्टि**

एजेंडा (1) "पूर्व में संपन्न कमेटी ऑफ मैनेजमेंट की बैठक की संपुष्टि है" जिसको बैठक में चर्चा एवं पारित करने हेतु लाया गया।

9 अक्टूबर 2021 को संपन्न बैठक जो कि" 46, पाटलिपुत्र कॉलोनी", पटना, बिहार में हुआ था जिसकी कार्यवाही पढ़ कर उपस्थित सभी सदस्यों को सुनाई गई। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया।

**4. वर्तमान सत्र की क्रिकेटिंग गतिविधियों, बीसीसीआई के घरेलू मैचों के लिए हुए कार्यों पर चर्चा और निर्णय।**

बैठक का एजेंडा (2) वर्तमान सत्र की क्रिकेटिंग गतिविधियां, बीसीसीआई के घरेलू मैचों के लिए हुए कार्यों पर चर्चा और निर्णय के लिए बैठक के पटल पर लाया गया।

बीसीसीआई के घरेलू मैचों के लिए खेलाडियो के चयन प्रक्रिया, उनके कैंप, आवासन एवं भोजन इत्यादि की जानकारी श्री संजय कुमार सिंह (क्रिकेटिंग इंचार्ज) ने उपस्थित सभी सदस्यों को दिया। क्रिकेट की गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा के पश्चात बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमती जताते हुए श्री संजय कुमार सिंह से पुनः आग्रह किया कि श्री दिलीप सिंह एवं श्री अमिकर दयाल के साथ मिलकर ठोस कदम उठाये जिससे पारदर्शिता बनी रहे साथ ही साथ अभी तक के सभी निर्णयों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

**5. बीसीए के आगामी घरेलू टुर्नामेंट पर चर्चा और निर्णय।**

बैठक का एजेंडा (3) बीसीए के आगामी घरेलू टुर्नामेंट पर चर्चा और निर्णय के लिए बैठक के पटल पर लाया गया।

इस एजेंडा पैर चर्चा करते हुए श्री दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि गत कुछ सालो से कोविद के कारण बीसीए के घरेलू टुर्नामेंट नहीं हो सका है। श्री सिंह ने उपस्थित सभी सदस्यों को बताया कि BCA के घरेलू मैचों के होने खेल का सर्वांगीण विकास होता है, नए खिलाडियों को मौका मिलता है साथ ही साथ चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता आती है। इसका आयोजन अविलम्ब होना चाहिए। इस एजेंडा पर विस्तृत चर्चा के बाद सभी उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमती आगामी घरेलू टूर्नामेंट के आयोजन एवं संपादन क्रिकेट टूर्नामेंट कमिटी के द्वारा करवाने की दी जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया।

Rakesh Kumar Tiwary


BIHAR CRICKET ASSOCIATION
Shail Raj Complex, Buddha Marg, Patna - 800 001, Bihar, India. website: www.biharcricketassociation.com

## 6. क्रिकेटिंग गतिविधियों के प्रभारी की रिपोर्ट पर चर्चा और निर्णय।

बैठक का एजेंडा (4) क्रिकेटिंग गतिविधियों के प्रभारी की रिपोर्ट पर चर्चा और निर्णय के लिए बैठक के पटल पर लाया गया।

इस एजेंडा पर श्री संजय कुमार सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को अभी तक हुए क्रिकेट के सभी गतिविधियों की जानकारी दी एवं वर्तमान के विषम परिस्थिति में BCA के सीईओ के सहयोग की भूरी-भूरी प्रशंसा की और सभी सदस्यों को बताया की श्री मनीष राज ने BCCI के सहयोग से BCCI के घरेलू मैचों के बिहार से शामिल होने टीम के हवाई टिकट, होटल एवं ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन एवं अन्य की व्यवस्था की है। श्री संजय ने सभी सदस्यों को बताया कि अभी तक जो प्रक्रिया चयन एवं खेल की अपनाये गए है उसी तर्ज पर आगामी टूर्नामेंट के लिए प्रक्रिया अपनाएं जाने की जानकारी बैठक को दी। इस पर उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमती देते हुए पारित कर दिया।

## 7. लेखा मामलों पर चर्चा और निर्णय।

बैठक का एजेंडा (5) लेखा मामलों पर चर्चा और निर्णय के लिए बैठक के पटल पर लाया गया।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह ने सभी सदस्यों को बताया कि बिहार क्रिकेट संघ के खाता जिसमे दो करोड़ से अधिक की रकम पड़ी है, बैंक ऑफ़ इंडिया के द्वारा संघ विरोधी कुछ लोगो के साथ अपराधिक षड्यंत्रों के तहत फ्रीज कर रखा गया है। मामला हाईकोर्ट में चल रहा है। पैसा के आभाव में BCA के सञ्चालन में काफी परेशानीयों आ रही है। BCA के कर्मचारीगण के वेतन, मकान मालिक का किराया, बिजली बिल एवं अन्य का भुगतान जो कि काफी लम्बे समय से नहीं हो पा रहा है। BCCI से प्रतिवर्ष मिलने वाले अनुदान यदि BCA को मिल जाता तो वर्तमान के परेशनी से निजात मिला जाता। कोषाध्यक्ष श्री आशुतोष नंदन सिंह ने आगे सभी सदस्यों को बताया कि BCA का गत तीन वर्षो का – 2016-2017, 2017-2018, 2018-2019 का फॉर्म H, वार्षिक रिपोर्ट एवं audited एकाउंट्स BCA के रिकार्ड्स में उपलब्ध है एवं इसकी एक कॉपी पूर्व के कार्यकारी सचिव श्री कुमार अरविन्द के हस्ताक्षरीत रजिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट में आलेख के आलेखन के लिए समर्पित है। श्री सिंह ने श्री नीरज सिंह जो की सामान्य प्रशासन के साथ एकाउंट्स एवं प्लेयर्स इनवॉइस का काम भी देख रहे थे, के प्रतिबंधित मंदिरपान के कारण गिरफ़्तारी एवं गेस्ट हाउस के कमरे के सील होने से काफी परेशानीयों आ रही है। आवक्श्यक फाइल एवं कागजातों के रूम में सील हो जाने के कारण दैनिक लेखा के काम में रुकावटे आ रही है। श्री सिंह ने इन सभी समस्यों के निराकरण के लिए मनानीय अध्यक्ष से अनुरोध करते हुए इस पर अग्रेतर करवाई करने की बात बताई साथ ही साथ श्री सिंह ने कुछ पैसा पुनः BCL से लेने की जरुरत बताई।

इस विषय पर काफी विस्तृत चर्चा के बाद सभी उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से मनानीय अध्यक्ष को इस मामले पर निर्णय एवं कारवाई करने के लिए अधिकृत करते हुए हुए पारित कर दिया।

## 8. सीईओ की रिपोर्ट पर चर्चा और निर्णय।

बैठक का एजेंडा (6) सीईओ की रिपोर्ट पर चर्चा और निर्णय के लिए बैठक के पटल पर लाया गया।

Affiliated to BCCI
bca@biharcricketassociation.com

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सीईओ श्री मनीष राज ने सभी सदस्यों को BCCI एवं अन्य विभागों से हुए संवाद एवं पत्राचार के बारे में विस्तार से कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के सभी सदस्यों को बताया। सीईओ ने पैसे की कमी के कारण ऑफिस संचालन में आ रही परेशनियो के बारे में COM को अवगत करवाते हुये बतया कि विषम परिस्थिति के वाबजूद कार्यालय के सभी कार्य सम्पादित हो रहा है। सीईओ श्री मनीष राज ने बताया कि पूर्व में COM के निर्णय के आलोक में श्री अजित कुमार चन्दन का पदोन्नति करते हुए उन्हें मैनेजर क्रिकेट ऑपरेशन, नए वेतनमान पचास हजार प्रतिमाह पर किया जा चूका है।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के सीईओ श्री मनीष राज के द्वारा समर्पित रिपोर्ट एवं उनके द्वारा बताए गए विषय-वस्तु पर काफी लम्बे चर्चा के पश्चात सीईओ के कार्यकलाप से संतुस्ट हो कर कमिटी ऑफ़ मैनेजमेंट के सभी उपस्थित सदस्यगण ने सर्वसम्मति से सीईओ रिपोर्ट एवं उनके द्वारा सुझाएँ गए प्रस्ताव पर उपस्थित सभी सदस्यों ने अपनी सहमती देते हुए पारित कर दिया।

**9. अध्यक्ष के आदेश से अन्यान्य विषयों पर चर्चा और निर्णय।**

बैठक का एजेंडा (7) अध्यक्ष के आदेश से अन्यान्य विषयों पर चर्चा और निर्णय।
माननीय अध्यक्ष के अनुमति से सीईओ, बिहार क्रिकेट एसोसिएशन श्री मनीष राज ने सदन को बताया कि अधिवक्ता श्री राजू गिरी का लेटर, कोर्ट केस के बढ़ोतरी के कारण Retainership फीस को बढ़ाने के लिए प्राप्त हुआ है।
**निर्णय :** जिसपर चर्चा के पश्चात बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि Retainership फीस की राशि पूर्व में वर्ष 2020 में तय किया गया था जिसे वर्ष 2022-2023 के लिए रूपए 5,50,000/- कर दिया जाए। Retainer के द्वारा खर्च होने वाली अन्य राशि इस राशि के आलावा होगी। इस कार्य को सम्पादित करने के लिए सीईओ को अधिकृत करते हुए Retainer को नया नियुक्ति पत्र, पुराने नियुक्ति पत्र के समाप्ति के पहले करने का निर्देश दिया गया।

इसके साथ ही अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को धन्यवाद् देते हुए सभा को समाप्त किया।

Rakesh Kumar Tiwary

**राकेश कुमार तिवारी**
**अध्यक्ष**